**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**11.01.2025/प्रादेशिक समाचार/19.45बजे**

**''आज के मुख्य समाचार''**

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने नशे की समस्या से निपटने के लिए दोहराई प्रदेश की वचनबद्धता।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर लगाया नौकरियां छीनने का आरोप।
- लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा—महिलाओं के उत्थान और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए कार्य कर रही है सरकार।
- प्रदेश की ऊंची चोटियों पर हल्की बर्फबारी से प्रदेश में शीतलहर बढ़ी—आज और कल राज्य में कुछ स्थानों पर वर्षा व बर्फबारी की संभावना।

**समाचार विस्तार से.............**

**मुख्यमंत्री**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा आयोजित नशीली दवाओं की तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा' पर क्षेत्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता की। इस सम्मेलन में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने नादौन से वर्चुअल माध्यम से भाग लिया। उन्होंने नशे की समस्या से निपटने के लिए हिमाचल की प्रतिबद्धता दोहराई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में पिछले एक दशक में एनडीपीएस मामलों में 3 सौ 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री ने सिन्थैटिक दवाओं की प्रवृति को परेशान करने वाला बताया और कहा कि इनकी तस्करी से निपटने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण की ज़रूरत है। उन्होंने कहा कि अंतर्राज्यीय सीमावर्ती क्षेत्र नशीली दवाओं की तस्करी के केन्द्र बन गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नशे की लत से जूझ रहे व्यक्ति बीमारी का शिकार है और उन्हें अपराधी नहीं बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारा दृष्टिकोण दंडात्मक उपायों से आगे बढ़कर मज़बूत पुर्नवास ढांचे पर होना चाहिए। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पीआईटी—एनडीपीएस एक्ट को लागू करने के संबंध में सभी राज्यों को दिशानिर्देश दिए।

**सुक्खू**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि पूर्व भाजपा सरकार ने बिना स्टाफ और संसाधनों के सरकारी संस्थान खोलकर इन्हें कमजोर किया, लेकिन अब मौजूदा सरकार इनमें सुधार कर रही है। मुख्यमंत्री आज नादौन विधानसभा क्षेत्र के हड़ेटा में इकोनॉमिक डेवलपमेंट एंड लाइवलीहुड जनरेशन परियोजना के शिलान्यास के मौके पर बोल रहे थे। इस परियोजना से क्षेत्र में ईको टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होने के साथ ही उनकी आय भी बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार चुनाव की दृष्टि से नहीं बल्कि जनहित के लिए काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि सरकार किसी को भी प्रदेश की सम्पदा लूटने नहीं देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के निर्णयों से गरीब वर्ग प्रभावित नहीं होगा और प्रदेश का एक समान विकास सुनिश्चित किया जाएगा।

## जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि सुक्खू सरकार नौकरी देने वाली नहीं बल्कि नौकरी छीनने वाली सरकार के रूप में जानी जाएगी। जयराम ठाकुर ने आज शिमला में एक बयान में कहा कि प्रदेश सरकार ने राज्य के विभिन्न विभागों, निगमों व बोर्डों में डेढ़ लाख से अधिक पद खत्म कर दिए हैं और अब सरकार की नाकामी की वजह से हाईकोर्ट ने आउटसोर्स भर्तियां भी बंद कर दी हैं, क्योंकि सरकार इनमें भी बड़े पैमाने पर धांधलियां कर रही थी। नेता प्रतिपक्ष ने दावा किया कि मुख्यमंत्री और उनकी सरकार झूठ बोलकर समय निकाल रही है लेकिन ऐसा ज्यादा दिन नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि एक–एक करके सरकार के हर दावे की पोल खुलती जा रही है। इस बीच जयराम ठाकुर ने आज नई दिल्ली में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री व भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से भेंट की और प्रदेश के विकास पर चर्चा की।

## रणजीत सिंह/बिट्टू

सुजानपुर के विधायक कैप्टन रणजीत सिंह और मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनिल शर्मा बिट्टू ने कहा कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू प्रभावी निर्णय ले रहे हैं। इससे आम परिवारों के बच्चों को बेहतर शिक्षा हासिल करने का मौका मिल रहा है। ये दोनों नेता आज परमार्थ पब्लिक सीनियर सकेंडरी स्कूल ककड़ियार के वार्षिक उत्सव के मौके पर बोल रहे थे। दोनों नेताओं ने इस स्कूल द्वारा ग्रामीण बच्चों को उनके घर–द्वार पर बेहतरीन शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की भी सराहना की।

## पीएम विकसित भारत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्रीय युवा दिवस पर कल दिल्ली में विकसित भारत युवा नेता संवाद में तीन हजार युवा नेताओं के साथ बातचीत करेंगे। इस कार्यक्रम के दौरान युवा नेता प्रधानमंत्री के विकसित भारत के दृष्टिकोण पर अपनी प्रस्तुति देंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री जनसभा को संबोधित भी करेंगे।

## उपमुख्यमंत्री

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि कला, भाषा एवं संस्कृति विभाग में रिक्त पदों का मामला उनके संज्ञान में है और ये पद शीघ्र भरे जाएंगे। अग्निहोत्री आज कुल्लू के मौहल में जनसमस्याएं सुनने के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने लोगों की समस्याओं के शीघ्र निराकरण के संबंधित अधिकारियों को निर्देश भी दिए।

## विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि महिलाओं का परिवार व समाज में अहम स्थान है। यही कारण है कि सरकार उनके उत्थान और उन्हें आत्मनिर्भर व सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य

कर रही है। विक्रमादित्य सिंह आज शिमला ग्रामीण क्षेत्र के सुन्नी में बसंतपुर खंड के 81 महिला मंडलों के महिला सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार ने महिलाओं के उत्थान के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई हैं और हर क्षेत्र में उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। लोक निर्माण मंत्री ने इस मौके पर सभी 81 महिला मंडलों को एक–एक सिलाई मशीन और प्रोत्साहन राशि के रूप में 5–5 हज़ार रूपये की राशि देने की घोषणा की। विक्रमादित्य सिंह ने बाद में सलापड़–तत्तापानी–लुहरी सम्पर्क सड़क के सुधारीकरण की आधारशिला भी रखी और सुन्नी में नवनिर्मित पशु अस्पताल भवन का उद्घाटन भी किया।

**मौसम**

प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज दिनभर बादल छाए रहे और उंची चोटियों पर हिमपात से शीतलहर बढ़ गई है। राज्य के निचले मैदानी क्षेत्रों में घने कोहरा पड़ने से सड़क व रेल यातायात प्रभावित हो रहा है जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारी सहयोगी

**प्रदेश में दिनभर घने बादल छाए रहे और बाद दोपहर उंची चोटियों पर हल्की बर्फबारी से तापमान में गिरावट दर्ज गई है जिससे शीतलहर में वृद्धि हुई है। प्रदेश के मैदानी जिलों बिलासपुर, मंडी, हमीरपुर और ऊना में घने कोहरे के कारण दृश्यता कम होने पर सड़क व रेल यातायात प्रभावित हो रहा है। उना में रेलगाड़ियां अपने निर्धारित समय से लेट पहुंच रही हैं। राज्य के कुछ स्थानों पर न्यूनतम तापमान जमाव बिंदु से नीचे दर्ज किया गया। लाहौल स्पिति के ताबो में न्यूनतम तापमान माईनस 10 दशमलव 2, कुकमसेरी में माइनस चार दशमलव 9, मनाली में माईनस शून्य दशमलव 9 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने आगामी 24 घंटों के दौरान प्रदेश में उंचाई वाले इलाकों में हल्की बर्फबारी और निचले मैदानी क्षेत्रों में बारिश की संभावना जताई है। विभाग ने अगले 2–3 दिन राज्य के सात जिलों बिलासपुर, उना, हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी, सोलन व सिरमौर के कुछ इलाकों में घने कोहरे और किन्नौर, शिमला व कुल्लू जिलों में शीतलहर का यलो अर्लट जारी किया है। इस दौरान तापमान में 3 से 4 डिग्री सैल्सियस की गिरावट देखने को मिलेगी। प्रादेशिक समाचारों के लिए समाचार कक्ष से मैं राजकुमारी चंदेल।**

**पैरा वर्कर**

जल शक्ति विभाग पैरा वर्कर्ज यूनियन ने कहा है कि यदि सरकार ने उनकी मांगें नहीं मानी तो यूनियन बजट सत्र के दौरान विधानसभा का घेराव करेगी। यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष महेश शर्मा ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता में कहा कि वेतन और पॉलिसी की मांग को लेकर पैरा वर्कर्ज़ कई बार सरकार से मिल चुके हैं लेकिन उनकी मांगों को लगातार अनसुना किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महंगाई के मौजूदा दौर में पैरा वर्कर्ज़ को नाम मात्र का वेतन दिया जा रहा है जबकि उनसे 8 से 10 घंटे तक डयूटी ली जा रही है। यही नहीं पैरा वर्कर्ज़ को महीनों तक वेतन भी नहीं मिल रहा है।

**"अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर"**

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने नशे की समस्या से निपटने के लिए दोहराई प्रदेश की वचनबद्धता।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर लगाया नौकरियां छीनने का आरोप।
- लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा—महिलाओं के उत्थान और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए कार्य कर रही है सरकार।
- देश की ऊंची चोटियों पर हल्की बर्फबारी से प्रदेश में शीतलहर बढ़ी—आज और कल राज्य में कुछ स्थानों पर वर्षा व बर्फबारी की संभावना।